
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org


08 फरवरी 2026
Teachers of Bihar
The Change Makers
आज का सुविचार
मान-सम्मान किसी के देने से नहीं मिलते,
अपनी योग्यतानुसार मिलते हैं।
- सरदार वल्लभ भाई पटेल
Vishwa Vijay Singh
www.teachersofbihar.org

# दिवस विशेष

8 फरवरी


मधु प्रिया

# जगजीत सिंह का जन्म 8 फरवरी



बॉलीवुड में जगजीत सिंह का नाम एक ऐसी शख्सियत के तौर पर याद किया जाता है, जिन्होंने अपनी गजल गायिकी से लगभग चार दशक तक श्रोताओं के दिल पर अमर छाप छोड़ी। करोड़ों दिलों में बसने वाले जाने-माने गजल गायक जगजीत सिंह का आज जन्मदिन है। उनका जन्म 8 जनवरी 1941 को राजस्थान के श्रीगंगानगर में हुआ था।'होश वालों को खबर क्या','झुकी झुकी सी नजर' और 'होठों से छू लो तुम' 'तुम इतना जो मुस्कुरा रहे हो', 'चिट्ठी न कोई संदेश', 'ये दौलत भी ले लो','कोई फरियाद' जैसी कई गजलें आज भी लोगों के बीच उन्हें जिंदा रखे है।1965 में बॉलीवुड में सिंगर बनने की तमन्ना लेकर जगजीत मायानगरी मुंबई पहुंचे। करियर के शुरुआत में जगजीत विज्ञापन फिल्मों में जिंगल गाया करते थे। इसी दौरान उनकी मुलाकात चित्रा से हुई और दोनों ने शादी कर ली। उसके बाद दोनों ने एक साथ कई एलबम में गाने गाए, उनकी जादुई आवाज लोगों के दिलों में उतर आई। जगजीत ने कई फिल्मों के लिए भी गाने गाए। 2003 में उन्हें भारत सरकार द्वारा कला के क्षेत्र में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। 10 अक्टूबर 2011 में जगजीत सिंह इस दुनिया को छोड़कर चले गए, लेकिन उनकी आवाज आज भी जिंदा है।

# जयंती विशेष 08 फरवरी




**ज़ाकिर हुसैन** *Zakir Hussain*, जन्म: 8 फ़रवरी, 1897; मृत्यु: 3 मई, 1969) भारत के तीसरे राष्ट्रपति थे। उनका राष्ट्रपति कार्यकाल 13 मई 1967 से 3 मई 1969 तक रहा। डॉ. जाकिर हुसैन मशहूर शिक्षाविद् और आधुनिक भारत के द्रष्टाथे। ये बिहार के राज्यपाल (कार्यकाल- 1957 से 1962 तक) और भारत के उपराष्ट्रपति (कार्यकाल- 1962 से 1967 तक) भी रहे। उन्हें वर्ष 1963 मे भारत रत्न से सम्मानित किया गया।



**TOB**





# खेल कॉर्नर



## सबसे ज्यादा 200+ स्कोर बनाने वालीं टी-20 टीमें

| टीम | मैच | 200+ स्कोर | 250+ स्कोर |
|---|---|---|---|
| भारत | 268 | 46 | 4 |
| न्यूजीलैंड | 251 | 28 | 1 |
| सा. अफ्रीका | 217 | 28 | 1 |
| ऑस्ट्रेलिया | 222 | 25 | 1 |
| वेस्टइंडीज | 245 | 25 | 2 |

# Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द **08.02.2026**

## दृष्टिकोण विकास

दृष्टिकोण विकास **(Perspective Development)** का अर्थ है सोचने, समझने और समस्याओं को देखने के नजरिये में सकारात्मक और तार्किक बदलाव लाना। यह निरंतर चलने वाली एक विकासवादी प्रक्रिया है, जो अनुभवों, नई जानकारी और रचनात्मक सोच के माध्यम से विकसित होती है। यह प्रक्रिया रूढ़िवादी धारणाओं को तोड़कर व्यक्ति को अधिक खुला, विश्लेषणात्मक और समग्र **(Holistic)** बनाती है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



**RCB** ने महिला प्रीमियर लीग (WPL) का खिताब फिर अपने नाम कर लिया। **स्मृति मंधाना** की कप्तानी में RCB ने फाइनल में दिल्ली कैपिटल्स को **6 विकेट** से हराया। यह WPL इतिहास में RCB का **दूसरा खिताब** है, और इस जीत के साथ अब टी20 लीग में **RCB** के नाम 3 ख़िताब हो गए हैं।



राकेश कुमार

# पद्य पंकज


“

जो अप्राप्य है
उसे पा लेना कठिन नहीं,
परन्तु,जो प्राप्त था, उसे
खोकर फिर पाना अत्यधिक कठिन है।

**महादेवी वर्मा**

Madhu priya

www.padyapankaj.teachersofbihar.org


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
स्वतंत्रता सेनानी एवं भारत के तीसरे
राष्ट्रपति डॉ जाकिर हुसैन जी की
जयंती पर टीचर्स ऑफ बिहार परिवार
की ओर से नमन।
डाक्टर जाकिर हुसैन
जन्म- 8 फरवरी 1897
मृत्यु- 3 मई 1969
www.teachersofbihar.org
Madhu priya



# जगजीत सिंह

जन्म- 8 फरवरी 1941- मृत्यु-10 अक्टूबर 2011

www.teachersofbihar.org

Madhu priya

**जयंती विशेष** **08 फरवरी 2026**

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

एक शिक्षक कभी वास्तव में पढ़ाता नहीं है, बल्कि एक छात्र स्वयं सीखता है। छात्र को ही शिक्षक को पढ़ाने के लिए प्रेरित करना चाहिए।

डॉ. ज़ाकिर हुसैन

( भारत के पूर्व राष्ट्रपति )

जन्म : 08 फरवरी 1897 मृत्यु : 03 मई 1969



राकेश कुमार